पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली: कार्तिक **06, 1944**
मंगलवार: 01 नवंबर 2022

श्री गिरिधर अरमने ने रक्षा सचिव का पदभार संभाला

आंध्र प्रदेश काडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी श्री गिरिधर अरमने ने 01 नवंबर 2022 को रक्षा सचिव का पदभार संभाला। पदभार ग्रहण करने से पहले श्री अरमने ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और वीरगति को प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उन वीर योद्धाओं को नमन किया जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

श्री अरमने ने राष्ट्रीय समर स्मारक के दौरे के दौरान कहा, "हम इन वीर योद्धाओं से प्रेरणा लेते हैं और भारत को एक सुरक्षित एवं समृद्ध देश बनाने के उनके स्वपन को पूरा करने की दिशा में काम करने का वादा करते हैं।

भारतीय प्रशासनिक सेवा में अपने 32 वर्षों के अनुभव में श्री अरमने ने केन्द्र सरकार के साथ-साथ आंध्र प्रदेश सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों का कार्यभार संभाला है। अपने वर्तमान कार्यभार से पहले, श्री अरमने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में सचिव थे।

इससे पहले वह मंत्रिमंडल सचिवालय में अपर सचिव थे। मंत्रिमंडल सचिवालय के अलावा, श्री अरमने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अन्वेषण प्रभाग का कार्यभार संभालते थे तथा बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण में निरीक्षण के लिए प्रभारी कार्यकारी निदेशक थे।

आंध्र प्रदेश सरकार में श्री अरमने ने शहरी विकास विभाग में प्रधान सचिव; आंध्र प्रदेश राज्य वित्त निगम के प्रबंध निदेशक और सचिव (वित्त विभाग) के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने चित्तूर और खम्मम जिलों के कलेक्टर और डीएम का पद भी संभाला।

श्री अरमने ने जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हैदराबाद से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक और आईआईटी, मद्रास से एमटेक किया। वह वारंगल के काकतीय विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ आर्ट्स (अर्थशास्त्र) हैं।

एबीबी/डीएस